हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, गुरुवार, 17 जुलाई 2025

12 स्कूल संचालकों ने जिला मुख्यालय पर पहुंच कर दिया धरना



12 रेल राज्य मंत्री से मिले रास सांसद सुभाष बराला



### एसडीओ और जेई आज करेंगे गली रामस्वरूप का दौरा, लोगों ने विभाग की टीम का किया विरोध

# पेयजल के भयावह हालात : थाना रोड से सटे मोहल्लों में सीवरयुक्त काले रंग की हो रही पेयजल आपूर्ति

*एक-दो दिन में पानी की सप्लाई ठीक नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी*

- पेयजल सप्लाई आते ही मोहल्ले में फैल जाती है सीवरेज की दुर्गंध
- लोग उबाल कर या कैंपर मंगवाकर पी रहे पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जनस्वास्थ्य विभाग के गैर जिम्मेदाराना रवैये के चलते शहर में पेयजल सप्लाई के भयावह हालात है। पिछले तीन महीनों से पुराने शहर के मुख्य बाजारों व कालोनियों में सीवरयुक्त गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। पानी का रंग बिलकुल काला है। देखने में सीवर के मेनहोल से सीधा सप्लाई किया गया पानी लगता है। जनस्वास्थ्य विभाग को शहरवासियों ने कई बार इसकी शिकायत की है। यह नहीं है कि जनस्वास्थ्य विभाग हरकत में नहीं आता। विभाग अपने अनट्रेंड कर्मचारी भेजकर यहां प्रत्येक कालोनी में सड़कें उधेड़ कर रख दी। जगह-जगह गलियां उखड़ी पड़ी हैं लेकिन सीवरयुक्त पेयजल की सप्लाई बंद नहीं हुई। बुधवार को भी शहर के थाना रोड से सटे मोहल्लों में काले रंगे के बदबूदार पानी की सप्लाई होती रही जिससे मोहल्लावासियों में काफी रोष पाया जा रहा है। लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो लघु सचिवालय जाकर रोष प्रदर्शन करेंगे। थाना रोड से सटे मोहल्ले कृष्णपुरा, मस्जिद वाला स्कूल क्षेत्र, गली रामबाग, शादीराम घी वाली गली, सतीश एमसी वाली गली, अप्पू नहर, हरनाम सिंह गुरूद्वारे वाली गली सहित अनेक कालोनियों में पिछले 3 महीने से सीवरयुक्त गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। पानी की सप्लाई सुबह 5 बजे और दोपहर 2 बजे निर्धारित समय पर होती है। दोपहर 2 बजे तक पेयजल सप्लाई आती है तो पूरे मोहल्ले में सीवरेज की दुर्गंध फैल जाती है। लोग उबाल कर पीने या फिर कैम्पर मंगवाकर प्यास बुझाने को मजबूर है। इस बारे तीन महीनों से ही जनस्वास्थ्य विभाग के जेई बलविन्द्र और एसडीएम सतपाल रोज को कई बार फोन पर बताया गया। ऐसा नहीं है कि अधिकारियों ने कार्रवाई नहीं की। अधिकारियों द्वारा हर बार औपचारिकता निभाने के लिए दिहाड़ीदार मजदूर भेज दिए जाते हैं। जिनका कहना होता है कि सीवरेज की पाइप लाइन गलकर पंचर हो गई है और उसका गंदा पानी पेयजल सप्लाई लाइन में मिक्स होकर घरों में सप्लाई हो रहा है। इसी प्रकार यह गली तोडक़र पाइप ढूंढने का प्रयास करते रहे हैं लेकिन इन्हें अभी तक सफलता हासिल नहीं हुई। यहां के वाशिंदे गंदा पानी पीने को मजबूर है। बुधवार को गली रामस्वरूप पकौड़े वाली में जब गंदा पानी की सप्लाई आई तो वहां मौके पर पहुंचे जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को विरोध का सामना करना पड़ा। मौके पर मौजूद अनिल कुमार, मेशी नारंग, राधेश्याम, यश कुमार, सोमनाथ, नंदलाल इत्यादि ने चेतावनी दी कि एक-दो दिन में पानी की सप्लाई ठीक नहीं हुई तो वह लघु सचिवालय में धरना देने को मजबूर होंगे।





फतेहाबाद। घरों में सप्लाई हो रहा काला सीवरयुक्त पेयजल। फोटो : हरिभूमि

#### कई बार की शिकायत, समाधान नहीं

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर उन्होंने कई बार जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को शिकायत की, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। उनका कहना है कि शायद सीवरेज लाइन और जलापूर्ति लाइन कहीं पर क्रॉस हो गई है, जिस कारण पानी में गंदगी मिल रही है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे विभागीय कार्यालय का घेराव करेंगे। गलीवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द पानी की गुणवत्ता जांच कर सुधार की मांग की है।

#### क्या कहते है एसडीओ

इस समस्या के बारे में मुझे कई बार शिकायत मिली है लेकिन समाधान नहीं मिल रहा। वीरवार को मैं और जेई बलविंदर मौके पर आकर समस्या का स्थाई समाधान ढूंढेंगे ताकि लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

-सतपाल रोज, एसडीओ जनस्वास्थ्य विभाग

## अशोक नगर में भी बदहाल सीवरेज व्यवस्था, नप प्रधान ने अतिरिक्त पाइप डालने के लिए लिखा पत्र

### सुपर सकर मशीन से करवाई जाएगी सफाई, विभाग ने जारी किया टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अशोक नगर में सीवरेज की बदहाली को लेकर नगरपरिषद के चेयरमैन राजेन्द्र खिंची ने जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता व एसडीओ को पत्र लिखकर कहा कि अशोक नगर में सीवरेज पानी के निकासी को लेकर गंभीर समस्या है। इसके निवारण के लिए यहां पर सीवरेज की अतिरिक्त पाइप डलवाई जाए ताकि उसके बाद नगरपरिषद यहां सड़क का निर्माण भी नए सिरे से करवा सके। अशोक नगर में सालों से सड़कों पर ओवरफ्लो होकर बह रहा सीवरेज के गंदे पानी की समस्या को लेकर पिछले दिनों नगरपरिषद के चेयरमैन राजेन्द्र खिंची ने अशोक नगर का दौरा किया था। इस बारे जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ सतपाल रोज का कहना है कि यह संभव नहीं। विभाग अशोक नगर में सुपर सकर मशीन से सीवरेज की सफाई करवाएगा, इसको लेकर टेंडर लगा दिया गया है।





फतेहाबाद। अशोक नगर में सडक़ों पर फैला सीवरेज का गंदा पानी।

#### सालों से समस्या बरकरार

बता दें कि अशोक नगर में कई सालों से सीवरेज ओवरफ्लो होकर गंदा पानी सडक़ों पर बह रहा है। लोगों के घर में पेयजल सप्लाई में भी यह गंदा पानी मिक्स होकर जा रहा है। इस समस्या को लेकर यहां के पार्षद ने जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय में धरना भी लगाया था। जब अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन देकर धरना खत्म करवा दिया था लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। पिछले दिनों नगरपरिषद के चेयरमैन ने भी समस्या को देखने के लिए यहां का निरीक्षण भी किया। उसके बाद प्रधान राजेन्द्र खिंची ने विभाग को पत्र लिखकर कहा कि वार्ड के नागरिक और पार्षद चाहते हैं कि सीवरेज निकासी को लेकर सीवरेज की अतिरिक्त पाइप डलवाई जाए। उसके बाद नगरपरिषद यहां सडक़ का निर्माण करवाएगी। खिंची ने बताया कि सडक़ निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। अतिरिक्त पाइप डालने के बाद सडक़ का निर्माण शुरू करवाया जाएगा। अगर जनस्वास्थ्य विभाग यहां सीवरेज की अतिरिक्त पाइप बिछा देता है तो यहां की सीवरेज समस्या का हमेशा के लिए निदान हो जाएगा। इस बारे विभाग के एसडीओ सतपाल रोज से बात की गई तो उन्होंने सिरे से इस बात को नकार दिया कि यहां कोई नई पाइप डाली जाएगी। उन्होंने कहा कि यहां 15 से 20 ईंच की पाइप डली हुई है, ऐसे में आबादी वाले क्षेत्र में गली को उखाडना आसान नहीं। सुपर सकर मशीन से सीवरेज लाइन की सफाई के लिए टेंडर लगाया गया है

## खबर संक्षेप

### लाखों रुपये की हेरोइन सहित आरोपी को दबोचा

**फतेहाबाद।** नशा मुक्त अभियान के तहत सीआईए टोहाना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। टीम ने टोहाना क्षेत्र से एक आरोपी को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जसवीर उर्फ जस्सी उर्फ खीरा निवासी प्रेम नगर, टोहाना हाल निवासी टिब्बा बस्ती, टोहाना के रूप में हुई है।

### सड़क हादसे में पुलिस कर्मचारी की मौत

**फतेहाबाद।** गांव झलनिया के पास बुधवार दोपहर बाद हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में पुलिसकर्मी की मौत हो गई। पुलिसकर्मी रामकिशन की ब्रेजा गाड़ी दोपहर 3 बजे भुना से फतेहाबाद लौटते समय सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराई। हादसे में रामकिशन की मौके पर ही मौत हो गई।

### करंट लगने से एक युवक की मौत

**सिरसा।** जिला के गांव देसूमलकाना में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जशनदीप सिंह निवासी गांव देसूमलकाना के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार करीब 21 वर्षीय जशनदीप सिंह अपने बनाए नए मकान के लोहे के गेट का काम करवाने के लिए गांव में ही बैल्डिंग की दुकान पर गया था। इस दौरान ट्रैक्टर-ट्राली में करंट लगने से जशनदीप सिंह बुरी तरह से झुलस गया।

### जेल लोक अदालत में दो केसों का किया निपटारा

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को जिला जेल में लोक अदालत का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवेश सिंगला ने बताया कि जेल लोक अदालत में कुल पांच केसों की फाइलें रखी गई जिनमें दो केस का निपटारा किया गया तथा दो कैदी को रिहा कर दिया गया।

## सड़क निर्माण की मांग को लेकर दुकानदारों में रोष, दिया धरना

- पाइप डालने के लिए तोड़ी गई थी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

क्षेत्र के गांव चौटाला में सड़क निर्माण की मांग को लेकर दुकानदारों ने बुधवार को धरना दिया और प्रदर्शन किया। दुकानदारों ने बताया कि पाइप डालने के लिए सड़क को तोड़ा गया लेकिन बाद में इसकी किसी ने सुध नहीं ली। इसके कारण दुकानदारों का कामकाज ठप हो गया। बरसात में तो स्थिति वद से बदतर हो गई। अब परेशान दुकानदार आंदोलन के लिए मजबूर हो गए। दुकानदारों के धरने को अन्य ग्रामीणों ने भी समर्थन किया। क्षेत्र के दुकानदारों ने बताया कि तीन-चार महीने पहले पाइप लाइन डालने को लेकर सडक़ को खोद दिया। अब बरसाती सीजन में सड़क किनारे खोदे गए गड्ढों में पानी जमा हो गया है, जिससे वाहन चालकों के साथ-साथ स्थानीय निवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। संबंधित विभाग के अधिकारियों को कई बार इस बारे में अवगत करवाया गया, लेकिन विभाग ने सड़क की रिपेयर करने की जहमत नहीं उठाई जिस कारण उन्हें आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ा है।



सिरसा। गांव चौटाला में धरने पर बैठे दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

#### एसडीएम ने दिए गड्ढे भरने के निर्देश

डबवाली के एसडीएम अर्पित संगल ने मंडी डबवाली में गुजरात गैस पाइपलाइन डालने के कारण बने गड्ढों को तुरंत भरने के निर्देश दिए है, ताकि आमजन को किसी समस्या का सामना न करना पड़े। गौरतलब है कि मंडी डबवाली में गुजरात गैस पाइपलाइन डालने के दौरान हुए गड्ढों से आमजन को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इस पर एसडीएम ने स्वयं संज्ञान लेते हुए मौके का निरीक्षण किया और एजेंसी के एरिया अधिकारी को इसके तुरंत समाधान के निर्देश दिए हैं। उन्होंने एजेंसी के अधिकारी को निर्देश दिए हैं पाइप लाइन डालने के दौरान या उसके उपरांत बनने वाले गड्ढों को तुरंत भरा जाए, ताकि इनमें बरसाती पानी न खड़ा हो सके।

### सरकारी ट्रांसफार्मर को क्षति पहुंचाने वाला कंटेनर चालक काबू

**फतेहाबाद।** सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में शहर फतेहाबाद की पुलिस टीम ने एक कंटेनर चालक को काबू किया है। आरोपी की पहचान रोहित उर्फ पंकज पुत्र महिपाल, निवासी पार्शपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। हुडा पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई बिजली निगम के जूनियर इंजीनियर राकेश कुमार की शिकायत पर की गई। शिकायत के अनुसार, 11 सितंबर 2024 को सुबह 9:34 बजे उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि लाजपत नगर के पास अरोड़वंश चौक के निकट स्थित 200 केवीए का ट्रांसफार्मर एक वाहन की टक्कर से क्षतिग्रस्त होकर गिर गया है। मौके पर पहुंची टीम ने जांच में पाया कि ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होकर जमीन पर गिरा पड़ा था, जिससे उसका तेल बह चुका था और उसकी बॉडी सहित एचटी/एलटी एमुल्टर व रोड को गंभीर क्षति पहुंची थी। स्थानीय स्तर पर की गई जांच में स्पष्ट हुआ कि यह दुर्घटना वाहन संख्या 5 से हुई, जो हिमांशु ट्रेडिंग नामक दुकान पर सामान डिलीवर करने आया था।

## फतेहाबाद में रोडवेज बस का टायर फटा, बाल-बाल बचे दर्जनों यात्री

- ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नेशनल हाइवे 9 हिसार रोड पर स्थित गांव धांगड़ के पास बुधवार सुबह उस समय बड़ा हादसा होते-होते टल गया जब सवारियों से भरी एक रोडवेज बस का टायर अचानक तेज धमाके के साथ फट गया। धमाके की आवाज सुनकर यात्रियों में हडकंप मच गया। धमाका होते ही ड्राइवर ने बस की स्पीड स्लो की और उसे साइड में किया, जिस वजह से बस पलटने से बच गई और किसी को चोट नहीं आई। घटना हाइवे पर स्थित धांगड़ गांव में फ्लाईओवर की है। रोडवेज बस पानीपत डिपो की थी, जो सिरसा जा रही थी। ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। इसके बाद दूसरी बस मंगाकर सवारियों को आगे के लिए रवाना किया गया। रोडवेज वर्कशॉप से क्रेन भेजकर बस को वर्कशॉप में लाया गया। यहां टायर बदलवाने के बाद बस रवाना कर दिया गया।



फतेहाबाद। गांव धांगड़ के पास फटा रोडवेज बस का टायर।

#### हिसार से फतेहाबाद आ रही थी बस

मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह हरियाणा रोडवेज के पानीपत डिपो की किलोमीटर स्कीम की बस हिसार से फतेहाबाद की ओर आ रही थी। तभी गांव धांगड़ के पास ओवरब्रिज पर चढ़ते समय धमाके साथ बस का टायर फट गया। धमाके के बाद बस पलटने से बच गई। उस दौरान बस में दर्जनों लोग सवार थे। इनमें कॉलेज जाने वाले स्टूडेंट्स की संख्या ज्यादा थी। एकदम से हुए इस हादसे से बस में बैठी सवारियां घबरा गई। एक यात्री के अनुसार वह हिसार से इस पानीपत डिपो की बस में सवार हुए थे। जैसे ही बस ओवरब्रिज पर चढ़ी तो अगला टायर फट गया। एकदम से सवारियां सहम गई। ड्राइवर ने बड़ी मुश्किल से बस को कंट्रोल किया। इसके बाद बस को रोक कर सवारियों को अन्य बसों में चढ़ाया। एक अन्य यात्री ने बताया कि ओवरब्रिज पर चढ़ने के कारण बस की स्पीड कम थी। अगर ज्यादा स्पीड में इस तरह टायर फटता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## एवीटी स्टाफ ने अवैध पिस्तौल सहित युवक किया गिरफ्तार

- अपराध मुक्त अभियान के तहत की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला फतेहाबाद में अपराध पर लगाम कसने और आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अपराध मुक्त अभियान के तहत एवीटी स्टाफ फतेहाबाद सफलता हाथ लगी है। एवीटी स्टाफ ने एक युवक को अवैध पिस्तौल 315 बोर सहित गिरफ्तार कर संभावित गंभीर वारदात को समय रहते विफल कर दिया है। आरोपी की पहचान राजू बाबा उर्फ महंत पुत्र सीमा महंत निवासी गांव काबरेल, हाल नायक मोहल्ला, भट्टू मंडी के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना भट्टूकलां में आर्म्स एक्ट की धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। एवीटी प्रभारी उपनिरीक्षक बेदपाल ने बताया कि अपराध पर नियंत्रण के लिए एवीटी स्टाफ की टीम सहायक उपनिरीक्षक रामकिशन के नेतृत्व में भट्टू क्षेत्र में नियमित गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम को एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि राजू बाबा उर्फ महंत के पास अवैध हथियार है और वह किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना की गंभीरता को भांपते हुए पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए खाबड़ा रोड, भट्टू पर नाकाबंदी कर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग शुरू की।



फतेहाबाद। अवैध पिस्तौल सहित पकड़ा गया युवक।

**विरोध** | झाड़ साहिब में किसानों ने सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन, सीएम का पुतला फूंका

## सरकार ने पैदा किया खाद का संकट, निजी व्यापारी खाद ब्लैक कर किसानों को लूट रहे : मनदीप नथवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश सरकार किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद उपलब्ध करवाने में नाकाम रही है जबकि निजी व्यापारियों के गोदाम खाद से भरे पड़े हैं और सरकार की शह पर निजी व्यापारी खाद की ब्लैक कर दोनों हाथों से किसानों को लूटने में लगे हैं। पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति इसे किसी कीमत पर सहन नहीं करेगी। अगर सरकार ने जल्द ही खाद की ब्लैक करने वालों पर कार्रवाई नहीं की और किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं करवाई तो किसान सडक़ों पर उतरने को मजबूर होंगे। यह बात पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनदीप नथवान ने संघर्ष समिति के राज्य कमेटी के आह्वान पर गुरूद्वारा झाड़ साहिब बस अड्डे के समीप किसानों के प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कही। किसानों ने खाद की कमी, महंगी होती बिजली सहित अन्य समस्याओं को लेकर हरियाणा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और सीएम का पुतला फूंका। प्रदर्शन की अध्यक्षता किसान नेता लवी बाठ ने की।



फतेहाबाद। झाड़ साहिब में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते किसान।

#### 17 को कराई जाएगी गोदामों की जांच

किसान नेता मनदीप नथवान ने कहा कि पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति पिछले काफी समय से खाद की कमी का मामला अधिकारियों के सामने उठा रही है लेकिन कृषि विभाग के अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। अब जब किसानों को फसल के लिए खाद की बेहद जरूरत है तो उन्हें दर-दर की ठोकरें खाने के लिए छोड़ दिया गया है। सरकार किसानों को खाद देने में पूरी तरह फेल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि किसान संघर्ष समिति द्वारा 17 जुलाई को फतेहाबाद और रतिया में निजी व्यापारियों के खाद के गोदामों की चैकिंग करवाई जाएगी। अगर कोई व्यापारी खाद की ब्लैक करते पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी। मनदीप नथवान ने कहा कि किसान हितैषी होने का ढिंढोरा पीटने वाली बीजेपी सरकार किसानों की सबसे बड़ी दुश्मन बनकर आई है। एक तरफ खाद की कमी तो दूसरी ओर सरकार ने बिजली की महंगा करके किसानों के जले पर नमक छिडक़ने का काम किया है। पैसे भरने के बावजूद किसानों को ट्यूब्वैलों के कनैक्शन नहीं दिए जा रहे। किसान संघर्ष समिति मांग करती है कि बिजली के बढ़ाए गए रेट तुरंत वापस लिए जाए। एचटी लाइनों के लिए प्रदेश में किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। इस अवसर पर किसान नेता सुखदीप रंधावा, अमन बाठ, सुरजीत सिंह, बंटी सिंह, गुरमीत सिंह, जीत जठोल, मेवा सिंह, प्रभ सन्धू, पाल सन्धू, सूखा सन्धू, प्रीत सन्धू, हरपाल सिंह सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### शराब ठेके से नकदी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने शराब ठेके से नकदी चोरी के मामले में वांछित आरोपी हिसार निवासी मांगेराम को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3600 रुपए बरामद किए हैं। शहर थाना प्रभारी उप निरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि 12 फरवरी को बेगू रोड निवासी सागर की शिकायत पर उपरोक्त आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया था कि आरोपी मांगेराम हेमंत कुमार कंपनी के शराब ठेकों में काम करता था। इसी दौरान एक दिन वह ठेके से गल्ले की नकदी चुराकर ठेका बंदकर फरार हो गया।

### ठगी के आरोपी को पंजाब से किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** वीआईपी मोबाइल नंबर देने के नाम पर एक युवक से हजारों रुपये ठगने के मामले में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बलविंदर सिंह पुत्र जोगिंदर सिंह, निवासी महावल, अबोहर, जिला फाजिल्का (पंजाब) के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि यह कार्रवाई चिंदड़ गांव निवासी मुकेश कुमार की शिकायत पर की गई, जो हिसार में निजी कंपनी में कार्यरत हैं। उन्होंने 11 मार्च 2025 को फेसबुक पर एक विज्ञापन देखा जिसमें वीआईपी मोबाइल नंबर उपलब्ध कराने की बात कही गई थी। व्हाट्सएपप्रत्येक नंबर के बदले 4,500 मांगे गए।

### अजय ने स्नातक में पाया द्वितीय स्थान

**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र अभय ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय द्वारा घोषित स्नातक प्रथम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। छात्र अभय ने इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों के सहयोग और कॉलेज के प्रेरणादायी वातावरण को दिया।

### दो स्कूलों से सिलेंडर व अन्य सामान चोरी

**ओढां।** गांव जंडवाला जटान के राजकीय माध्यमिक विद्यालय व राजकीय प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने ताला तोडक़र चोरी की गई। मुख्याध्यापक संदीप सिंह ने बताया कि स्टाफ के सदस्य 7 जुलाई सभी घर चला गए थे। दो दिन बाद जब आए तो चोर विद्यालय की रसोई से पीतल का टब, एक सिलिंडर व एक भट्टी और राजकीय प्राथमिक विद्यालय से एक सिलिंडर व एक पीतल का टब चोरी करके ले गए।

### मितर पर्यावरण मामलों के मानद सलाहकार नियुक्त

**सिरसा।** चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने मितर सैन गर्ग को विश्वविद्यालय का पर्यावरण मामलों का मानद सलाहकार नियुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने कहा कि मित्तर सैन गर्ग का अनुभव विश्वविद्यालय में पर्यावरणीय गतिविधियों को नई दिशा देगा और छात्रों में पर्यावरण संरक्षण की चेतना को और सशक्त बनाएगा। उल्लेखनीय है कि मितर सैन गर्ग, हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग से प्रधानाचार्य पद से 31 अक्तूबर 2018 को सेवानिवृत्त हुए हैं। वे एक समर्पित पर्यावरणविद्, समाजसेवी और नशा मुक्ति जागरूकता अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले व्यक्तित्व हैं।

## प्रिंसिपल की हत्या के विरोध में जिले के निजी स्कूल रहे बंद

# स्कूल संचालकों ने जिला मुख्यालय पर पहुंच कर किया धरना प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



सिरसा। प्राइवेट स्कूल संचालक डीसी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

हिसार के एक प्राइवेट स्कूल प्रिंसिपल की हत्या के विरोध में बुधवार को सिरसा जिला के निजी स्कूल बंद रहे। विरोधस्वरुप प्राइवेट स्कूल संघ ने जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया और डीसी को एक ज्ञापन सौंपा। स्कूल संचालकों ने दिवंगत प्रिंसिपल को श्रद्धांजलि दी तथा सरकार से मांग की कि संघ द्वारा उठाई गई मांगों को पूरा किया जाए। एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित मेहता, जिला प्रधान पंकज सिडाना व सहोदया प्रधान राम सिंह यादव ने बताया कि आज जिस तरह के हालात बन रहे हैं, ऐसे में शिक्षक काम नहीं कर सकता । हिसार में प्रिंसिपल की हत्या के बाद शिक्षक ख़ौफ़ में हैं। स्कूल स्टाफ की मानसिक, सामाजिक और शारीरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की होनी चाहिए। इसलिए हरियाणा में जल्द से जल्द स्कूल सेफ्टी एक्ट पारित किया जाए, दिवगंत शिक्षक जगबीर पानू को शहीद का दिया जाए, परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए, छात्रों व अभिभावकों द्वारा शिक्षकों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार को रोकने के लिए सख्त कानून लागू हो। ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि सरकार इस मामले को गंभीरता से लेकर तुरंत कानून बनाए, ताकि भविष्य में शिक्षक या स्कूल स्टाफ ऐसी त्रासदी का शिकार न हो। मौके पर राज्य कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र जैन, ओढ़ा व बड़ागुढ़ा ब्लॉक प्रधान घनश्याम मेहता, रानिया ब्लॉक प्रधान राजाराम, जिला उप प्रधान विक्रमजीत सिंह, आरके मजीठिया, डबवाली प्रधान विजयंत शर्मा, बलदेव सहगल, बीएल जलंधरा, चोपटा प्रधान रामकृष्ण खोथ, रणजीत कंबोज, अमर सिंह जोसन, ओमवीर दुहन, सागर पाहुजा, शशि सचदेवा, सुमन शर्मा, शोभा अरोड़ा, शशि भूषण शर्मा, रामलाल भंगू, पीसी तिवाड़ी, बलजीत नैन, रोशन लाल, सतनाम सिंह, सुरेंद्र मदान, जगजीत सिंह, जगदीप सिंह भी मौजूद थे।




### प्रिंसिपल की हत्या के विरोध में जिलेभर के सभी प्राइवेट स्कूल रहे बंद, हत्यारों को सजा की मांग

**फतेहाबाद/रतिया।** हिसार जिले के गांव बादशाहपुर में करतार मैमोरियल सीनियर सेकेंडरी सस्कूल के प्रिंसिपल की हाल ही में हुई निर्मम हत्या के विरोध में बुधवार को जिलेभर के के सभी निजी स्कूल बंद रहे। निजी स्कूल संचालकों ने निजी स्कूलों में एक दिन का अवकाश घोषित करके प्रिंसिपल के हत्यारों को कठोर से कठोर सजा दिलवाने की मांग की। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र रोमी गोस्वामी ने कहा कि हिसार जिले के गांव बादशाहपुर में स्कूल प्रिंसिपल की हत्या ने पूरे शैक्षिक जगत को झकझोर कर रख दिया है। आज सुबह से ही सभी प्राइवेट स्कूल संचालकों ने रोष स्वरूप अपने स्कूल बंद रखकर शिक्षकों ने शांतिपूर्वक तरीके से काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। सभी स्कूल संगठनों ने इस हत्या की न्यायिक जांच की मांग की है और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की। जिला अध्यक्ष शैलेंद्र गोस्वामी ने बताया कि प्रिंसिपल की हत्या केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र पर हमला है। अगर ऐसे मामलों में सख्ती नहीं बरती गई, तो आने वाले समय में शिक्षक बच्चों को पढ़ाते वक्त अपने आप को असुरक्षित महसूस करेंगे। निजी स्कूल संघ के शिक्षकों और स्कूल प्रबंधनों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि स्कूलों और शिक्षकों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जाएं, और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाई जाए।




### प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल करने वाली छात्राओं का किया सम्मान

**सिरसा।** राजकीय कन्या उच्च विद्यालय कागदाना में बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नवोदय विद्यालय में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी विजय सचदेवा ने अलीशा बानो, पूजा, निशा को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। सचदेवा ने बच्चों को मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का संदेश देते हुए कहा कि बच्चे यदि निष्ठा व समर्पण से अध्ययन करें तो किसी भी ऊंचाई को छू सकते हैं। उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए समस्त स्टाफ के कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में उनके साथ संदीप नुहिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार की ओर से सुनील बैनीवाल, राजीव बैनीवाल, श्याम सुंदर, अजय नेहरा, कृष्ण कुमार सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।



### डीएवी पुलिस स्कूल एनएसएस विंग ने किया पौधारोपण

**फतेहाबाद।** पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की एनएसएस विंग द्वारा पौधारोपण कर प्रकृति के संरक्षण का सन्देश दिया। जिला फतेहाबाद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिला महिला समन्वय समिति के द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लेते हुए डीएवी पुलिस स्कूल की एनएसएस विंग की स्वयंसेविकाओं ने बुधवार को जिला परिषद फतेहाबाद कार्यालय के साथ बने पार्क में फलदार पौधे लगाए। विद्यालय की एनसएसएस वालंटियर्स ने जिला परिषद फतेहाबाद का भ्रमण करते हुए जिला परिषद की कार्य-प्रणाली के साथ-साथ बालिका पंचायत के बारे में विस्तार से जाना। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए जिला परिषद की मुखिया एडवोकेट सुमन खिचड़ ने महिला शिक्षा की आवश्यकता पर अपने विचार रखे वहीं प्रमुख समाजसेवी सुभाष खिचड़ ने सम्बोधित करते हुए पुरुष प्रधान समाज के बीच महिलाओं के प्रतिनिधित्व पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर नगर परिषद की उपाध्यक्ष सविता टुटेजा व महिला मोर्चा अध्यक्षा सुमन बजाज सहित महिला समन्वय समिति की जिला संयोजिका ज्योत्स्ना बिश्नोई ने सम्बोधित करते हुए वृक्षों के महत्त्व पर प्रकाश डाला और नशामुक्ति पर विचार रखे।

# पारम्परिक खेलों से युवाओं को जोड़ें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद/रतिया।



फतेहाबाद। जिला स्तरीय गतका चैम्पियनशिप में खिलाडियों को प्रोत्साहित करते भवानी सिंह।

जिला गतका फेडरेशन की तरफ से गुरुद्वारा अंगीठा साहिब, नथवान में जिला स्तरीय गतका चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। इस चैम्पियनशिप में जिलेभर से सैंकड़ों खिलाडिय़ों ने भाग लिया और गतका के हैरतअंगेज करतब दिखाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने भाग लिया और खिलाडिय़ों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि गतका जैसे पारम्परिक खेल आज भी हमारे युवाओं की रग-रग में बसे हुए हैं लेकिन धीरे-धीरे युवाओं में ऐसे खेलों को लेकर रूझान कम होता जा रहा है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं को इन खेलों से जोडऩे में काफी मददगार साबित होती है। उन्होंने चैम्पियनशिप में भाग ले रहे युवाओं से आह्वान किया कि वह न केवल स्वयं खेलों में अपनी प्रतिभा को निखारें बल्कि अपने आसपास के क्षेत्रों में जाकर भी युवाओं को इस खेल से जोड़े क्योंकि हमारे समाज को दीमक की तरह खोखला कर रहे नशे से युवा पीढ़ी को बचाने के लिए उन्हें खेलों से जोडऩा बेहद जरूरी है। इसको लेकर उनके ट्रस्ट द्वारा गांवों में कमेटियां गठित की जा रही है।

# रेल राज्य मंत्री से मिले रास सांसद सुभाष बराला

- टोहाना और जाखल क्षेत्र की रेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर की विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| टोहाना/फतेहाबाद



राज्यसभा सांसद श्री सुभाष बराला ने बुधवार को केंद्रीय रेल राज्य मंत्री श्री रवनीत सिंह बिट्टू से भेंट कर टोहाना और जाखल क्षेत्र से संबंधित विभिन्न रेल विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान सांसद श्री बराला ने टोहाना और जाखल की जनता को बेहतर रेल सुविधाएँ उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से अनेक जरूरी सुझाव और माँगें रखीं।

सांसद सुभाष बराला ने मंत्री के समक्ष क्षेत्र में नई ट्रेनों के संचालन, पुराने रूटों के विस्तार, स्टेशनों के आधुनिकीकरण, ट्रेन के अतिरिक्त ठहराव की माँगों सहित रेलगाड़ियों की संख्या और समयबद्धता को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र हरियाणा-पंजाब सीमा पर स्थित एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है, जहां के नागरिकों को बेहतर रेल संपर्क विस्तार की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने टोहाना और जाखल रेलवे स्टेशनों को क्षेत्र की जीवनरेखा बताते हुए कहा कि यह स्टेशन न केवल नागरिकों की दैनिक आवाजाही का केंद्र हैं, बल्कि व्यापारिक गतिविधियों, कृषि उपज के परिवहन तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है, बल्कि इससे स्थानीय यात्रियों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और किसानों को सीधा लाभ प्राप्त होगा सांसद ने टोहाना और जाखल स्टेशन पर अतिरिक्त ट्रेनों के ठहराव, स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के उन्नयन, प्लेटफार्म विस्तार, फुटओवर ब्रिज और डिजिटल सूचना तंत्र को मजबूत करने जैसे मुद्दे भी बैठक में उठाए। इसके साथ ही उन्होंने नई ट्रेन सेवाओं के संचालन की संभावनाओं पर भी मंत्री का ध्यान आकर्षित किया। केंद्रीय रेल राज्य मंत्री श्री रवनीत बिट्टू ने सांसद द्वारा रखे गए सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और सकारात्मक रुख दिखाते हुए हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आमजन को आधुनिक व सुविधाजनक रेल सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है, और क्षेत्र की माँगों को प्राथमिकता के आधार पर विचार में लिया जाएगा।

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने रेल राज्य मंत्री से मिले सकारात्मक आश्वासन पर आभार जताया।



### विद्यालय विकास में सामुदायिक सहभागिता की मिसालः ओमप्रकाश टोक्सिया

**चोपटा।** राजकीय कन्या उच्च विद्यालय कागदाना में ग्राम पंचायत द्वारा 3500 लीटर क्षमता वाली टंकी का निर्माण किया गया है। इसके अलावा पंचायत द्वारा खेल मैदान में शेड, 90 मीटर की चारदीवारी और मनरेगा योजना के अंतर्गत सफाई कार्य भी संपन्न हुआ। विद्यालय विकास समिति के आग्रह पर समाजसेवी डॉ. धर्मपाल गढ़वाल ने अपनी माता स्व. चंदो देवी की पुण्य स्मृति में एक नया वाटर कूलर विद्यालय को भेंट किया। वहीं, युवा संगठन कागदाना के सदस्यों ने एक वाटर आर ओ प्यूरिफायर और दो पंखे भेंट कर सहयोग की अनूठी मिसाल पेश की। इन सब कार्यों को लेकर स्कूल प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत कागदाना के सरपंच प्रतिनिधि मांगेराम बेनीवाल, समाजसेवी डॉ. धर्मपाल गढ़वाल, राजेंद्र बेनीवाल, केहर सिंह बेनीवाल एवं युवा संगठन कागदाना के सक्रिय सदस्य सुरेंद्र कुमार, ओमप्रकाश और सुनील कुमार को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के डीडीओ ओमप्रकाश टोक्सिया ने सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# भाजपा शासन में भ्रष्टाचार बेलगामः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा



शहर में बरसात के बाद हुए जलभराव का दृश्य।

सावन की पहली मूसलाधार बरसात के बाद शहर में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। लोगों के घरों व दुकानों में पानी घुस आया है। प्रशासन द्वारा जलनिकासी के किए गए तमाम दावों की पोलपट्टी खुलकर सामने आ गई है। यह बात वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार शर्मा ने बुधवार को शहर का दौरा करने के बाद कही।

शर्मा ने कहा कि नोहरिया बाजार, सुरतगढिय़ा बाजार, सरकूलर रोड से वाल्मीकि चौक, कमालिया भवन रोड, बंद गेट, नई अनाज मंडी, जनता भवन रोड, सब्जी मंडी, हिसारिया बाजार, परशुराम चौक, अंबेडकर चौक, बस स्टैंड रोड, बेगू रोड, कंगनपुर रोड सहित सभी बाजारों में जलभराव होने से राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शर्मा ने कहा कि स्टॉर्म वाटर परियोजना फेज-1 पर लगभग 42 करोड़ रूपए का खर्चा नगरपरिषद ने दिखाया। सत्ताधारी नेताओं ने भी खूब दावे किए कि शहर में एक बूंद पानी भी जमा नहीं होगा।

मगर बरसात ने सारे दावों की हवा निकालकर रख दी। उन्होंने कहा कि अगर इस जल निकासी प्रोजेक्ट पर पूरा पैसा खर्च होता तो स्थिति में निश्चित तौर पर सुधार होता, पर अधिकारियों व नेताओं ने आपसी मिलीभगत कर पैसे की बंदरबाट कर शहरवासियों के साथ दगा किया है, जिसके लिए जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। शर्मा ने कहा कि अब स्टॉर्म वाटर प्रोजेक्ट-2 पर करोड़ों रुपये खर्च करने के दावे किए जा रहे हैं, जबकि इस प्रोजेक्ट में भी पहले की तरह नप अधिकारियों व सत्ता से जुड़े लोगों ने करोड़ों रूपए हजम करने की तैयारी कर ली है।



### नशा मुक्ति अभियान : तलवाड़ा और सिधानी में युवाओं को किया जागरूक

**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के दिशा-निर्देशन में जिलेभर में नशा उन्मूलन को लेकर जागरूकता अभियान निरंतर जारी है। इसी क्रम में एएसआई सुंदर के कुशल नेतृत्व में फतेहाबाद पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने आज जाखल थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव सिधानी, तलवाड़ा और भरपूर का दौरा किया। अभियान के दौरान गांव तलवाड़ा में दो नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया, जिसमें मनरेगा मजदूरों के दो समूहों सहित अन्य ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों के सहयोग से 8 नए ड्रग पीड़ितों की पहचान की गई, जबकि पहले से उपचाराधीन 8 पीड़ितों की काउंसलिंग कर उन्हें आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक दवाएं उपलब्ध करवाई गई। इसी क्रम में गांव सिधानी के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और समाज से इसकी समाप्ति के लिए प्रेरित किया गया।

### सरकार ने महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने की योजना का मार्ग किया प्रशस्तः विमला सिंवर

**सिरसा।** केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं व व्यापार में रूचि रखने वाले लोगों के लिए हर वर्ष विदेशी भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जिसका लाभ बखूबी मिल रहा है। इसी कड़ी में हाल ही में सीएम हरियाणा नायब सैनी द्वारा सहकारिता विभाग सहकारिता महिला समिति व किसानों के लिए तंजानिया का भ्रमण करने के लिए दल भेजा गया। एडवाईजर पवन चौधरी की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल तंजानिया में पहुंचा और वहां के व्यापारिक सिस्टम को समझा व परखा। इस भ्रमण दल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सम्मानित हरियाणा की प्रथम महिला नमो ड्रोन दीदी विमला सिंवर भी शामिल रहीं।

### कर्मचारी संघ व बाबा सरसाईनाथ ट्रस्ट के कार्यों को सराहा

**सिरसा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित होकर बाबा सरसाईनाथ सेवा ट्रस्ट व चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ ने पौधारोपण अभियान चलाते हुए फलदार पौधे लगाए। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए महिला थाना प्रभारी दर्शना ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग की समस्या को देखते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाएं। उन्होंने कहा कि संघ व बाबा ट्रस्ट समाजहित में बहुत बेहतरीन कार्य कर रहा है। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय का कर्मचारी संगठन बधाई का पात्र है, जो अपनी ड्यूटी के साथ-साथ समाजसेवा के क्षेत्र में भी विश्वविद्यालय का नाम चमका रहा है। अन्य संगठनों को भी इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि मिलखराज कानूनगो ने संस्था व संघ के सदस्यों के प्रयासों की प्रशंसा की और अपनी तरफ से हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। चेयरमैन बजरंग लाल ने बताया कि इस मानसून सीजन में हमारा लक्ष्य 1100 पौधे लगाने का है। मौके पर संजय श्योराण, लीलूराम जांगड़ा, डॉ. सुरेंद्र हांडा, रोहताश गुर्जर, डॉ. सुमित सैनी, डॉ. सतवीर कंबोज, प्रवीन कपूर, नरेंद्र रावत, राघव शर्मा, प्रिंस, मनसाराम स्वामी, दलीप, बलविंद्र आदि मौजूद थे।

### प्ले स्कूलों के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्यः डा. दर्शना सिंह

**सिरसा।** जिला में संचालित होने वाले सभी प्राइवेट प्ले स्कूलों के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की गाइडलाइन के अनुसार बिना रजिस्ट्रेशन के कोई भी प्राइवेट प्ले स्कूल संचालित नहीं हो सकता। इस नियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिन स्कूलों ने अब तक रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन नहीं किया है। वे जल्द से जल्द अपने प्ले स्कूलों का रजिस्ट्रेशन करवाएं । महिला एवं बाल विकास विभाग की उप निदेशक कम जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दर्शना सिंह ने बताया कि जिला में चल रहे सभी प्राइवेट प्ले स्कूलों को एनसीपीसीआर की गाइडलाइन के तहत रजिस्ट्रेशन करवाना होगा।

**मुहिम** नई उम्मीद और जीव सेवा ट्रस्ट ने थाना शहर फतेहाबाद परिसर में किया पौधरोपण

# बरसात में अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद



फतेहाबाद। पौधारोपण करते नई उम्मीद व जीव सेवा ट्रस्ट सदस्य व अतिथिगण।

नई उम्मीद वेलफेयर ट्रस्ट एवं जीव सेवा जीवन सेवा ट्रस्ट द्वारा शहर थाना फतेहाबाद के नए परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला फतेहाबाद स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट सदस्यों द्वारा थाना परिसर में विभिन्न प्रकार के फल और छायादार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर नगरपरिषद उपप्रधान सविता टुटेजा और जिला परिषद चेयरमैन सुमन खिचड़ ने भाग लिया। पुलिस अधिकारियों ने भी ट्रस्ट सदस्यों द्वारा चलाए गए इस अभियान की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के अभियान पर्यावरण को हरा-भरा बनाने और प्रदूषणमुक्त करने में सहायक साबित होंगे। ट्रस्ट प्रमुख संगीता प्रणामी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि नई उम्मीद वेलफेयर ट्रस्ट का उद्देश्य न केवल जरूरतमंद लोगों की मदद और जीवरक्षा करना है बल्कि अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए ट्रस्ट द्वारा सामूहिक तौर पर पौधारोपण जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। जिला परिषद चेयरमैन सुमन खिचड़ और नगरपरिषद उपप्रधान सविता टुटेजा ने ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर एसआई तेलूराम, मुंशी हवा सिंह, रवि आहूजा, सुरेन्द्र बिश्नोई, सुनील दीक्षित, ईश्वर सिंह, अशोक उतरेजा, सुमन सोनी, सरिता सोनी, कांता सोनी, अन्नू उतरेजा, साक्षी ललित, शकुन्तला जांगड़ा, नीतू सिंगला, ऊषा बंसल व कविता सिवाच आदि भी मौजूद रहे।

### नवकल्याण संस्था ने चलाया पौधारोपण अभियान

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद जिले के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में नवकल्याण संस्था द्वारा 'हर शुभ वार - पौधों से प्यार' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के प्रधान बंटी कंबोज के नेतृत्व में लघु सचिवालय परिसर स्थित पार्क में पौधारोपण आयोजित किया गया। इस मौके पर संस्था से कैशियर राजकमल, सचिव साहिल श्रीधर, संरक्षक व प्रचार मंत्री सुदर्शन नरूला, सह-सचिव ओम समीर इंसा, एडमिन अंकित मेहता, पर्यावरण संरक्षक रिंकू राजपूत, प्रवीण नरूला, रिषभ, हितेन नरूला, अनमोल इंसा, अमन व विजय आदि सदस्य सक्रिय रूप से मौजूद रहे। संस्था ने इस अवसर पर यह संकल्प भी लिया कि वह हर शुभ दिन पर अपनों के नाम पौधे लगाएगी और अगले स्थापना दिवस तक फतेहाबाद में 1000 पौधे लगाकर उनकी देखभाल करेगी।